# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (23.12.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 23.12.2024, PAGE-06**



बीआरएबीयू के कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव व अन्य।

# आधारभूत संरचना में विभाग करेगा सहयोग

**बीआरएबीयू**

- फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम का समापन
- शिक्षा सचिव हुए कार्यक्रम में शामिल

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू, यूजीसी-एमएमटीटीसी (मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर) द्वारा आयोजित 95वें फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के समापन सत्र में रविवार को शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का एमएमटीटीसी शिक्षकों के समग्र प्रशिक्षण का केंद्र बनाया जाना चाहिए।

कहा, सिर्फ अकादमिक परिसंवाद और प्रशिक्षण से समग्र विकास नहीं होगा। सुबह से ही दिनचर्या ऐसी बननी चाहिए कि योग, व्यायाम और नैतिक मूल्यों का भी उसमें समावेश हो। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अगर प्रस्ताव भेजता है तो शिक्षा विभाग आधारभूत संरचना हेतु पूरा सहयोग करेगा। एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने कहा कि सिर्फ आधारभूत संरचना से काम नहीं चलेगा। आवश्यकता है कि हम सब मिलकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु प्रयास करें। उपनिदेशक डॉ. राजेश्वर कुमार ने कहा कि कुलपति के प्रयास से विश्वविद्यालय का यूजीसी एमएमटीटीसी काफी समृद्ध हो रहा है। प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय ने भी अपने विचार रखे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने की। स्वागत भाषण यूजीसी एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. राजीव कुमार झा ने किया।

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE : 23.12.2024**
**PAGE-06**

## डा. देवव्रत अकेला की पुस्तक का हुआ लोकार्पण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय वे पूर्व पीजी अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो देवव्रत अकेला की के उपन्यास क लोकार्पण रविवार को हुआ। बीए मंडल विश्वविद्यालय के पू कुलपति डा. रिपुसुदन श्रीवास्त समेत अन्य ने उपन्यास ग्लिम्पसेर आफ लाइफ एट द प्लेटफार्म एं लिरिक ब्लूम का लोकार्पण किया समारोह में आगत अतिथियों क अंगवस्त्र व मोमेंट और पुस्तक क प्रतीक चिन्ह से स्वागत किया गया मौके पर डा. राधा मोहन सिंह, डा ममता रानी, डा. एसके पाल, डा एसके मुकुल, डा. अरुण साह, डा रत्नेश मिश्रा ने उपन्यास पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन डा. अरु बंकुल ने किया। मंच संचालन डा देवव्रत अकेला ने किया।

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:23.12.2024**
**PAGE-06**

## पीजी जूलाजी विभाग में होगा इंटरनेशनल सेमिनार

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी जूलाजी विभाग में फरवरी में अंतरराष्ट्रीय सेमिनार होगा। सात से नौ फरवरी तक होने वाले सेमिनार में अमेरिका, जर्मनी समेत कई देशों के वैज्ञानिक और शोधार्थी पहुंचेंगे। जूलाजी विभागाध्यक्ष सह साइंस के डीन डा. शिवानंद सिंह ने बताया कि एडवांसेज इन बायोलाजिकल साइंसेज : फ्राम मालिक्युल्स टू इकोसिस्टम विषय पर यह सेमिनार होगा। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 23.12.2024, PAGE-06**

## विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को बीआरएबीयू में मिलेगी ट्रेनिंग

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के एमएमटीटीसी (मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर) को राज्य भर के शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां दूसरे विश्वविद्यालयों से भी शिक्षक आएं और उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से प्रस्ताव भेजा जाए। शिक्षा विभाग के स्तर से आधारभूत संरचना में पूरा सहयोग मिलेगा। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शिक्षकों के समग्र प्रशिक्षण का केंद्र बनाया जाना चाहिए। केंद्र में अतिथि गृह बनाए जाने और स्मार्ट क्लासरूम बनाए जाने की अनिवार्यता पर बल दिया। वे रविवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के यूजीसी एमएमटीटीसी की ओर से आयोजित 95 वें फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के समापन के सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सिर्फ अकादमिक परिसंवाद और प्रशिक्षण से समग्र विकास नहीं होगा। सुबह से ही दिनचर्या ऐसी बननी चाहिए कि योग,व्यायाम और नैतिक मूल्यों के लिए भी उसमे समावेश हो। इस अवसर पर शिक्षा सचिव ने कहा कि इस बात पर चिंतन की आवश्यकता है अधिक बजट खर्च होने के बाद भी अपेक्षित परिणाम नहीं हो रहे हैं।



95वें फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के समापन सत्र में बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के सचिव वैद्यनाथ यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे • सौ. आयोजक

सत्र की अध्यक्षता करते हुए बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्तर से शोध और पठन-पाठन पर अधिक बल दिया जा रहा है। प्राक्टर प्रो. बीएस राय ने कहा कि विश्वविद्यालय का एमएमटीटीसी राष्ट्रीय फलक पर अपना स्थान बनाए इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। मौके पर एलएस कालेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय, इंस्पेक्टर आफ कालेज प्रो. राजीव कुमार, सोनू कुमार, ज्वाला कुमार और दिलीप कुमार भी उपस्थित रहे।

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.12.2024, PAGE-04**

# विवि के जूलॉजी विभाग में होगा सेमिनार

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी जूलॉजी विभाग में 7 से 9 फरवरी तक इंटरनेशनल सेमिनार का आयोजन किया जायेगा.इसमें अमेरिका, जर्मनी समेत कई देशों के वैज्ञानिकों की जुटान होगी. दिल्ली विवि समेत अन्य विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ भी आयेंगे. जूलॉजी विभागाध्यक्ष सह चेयरपर्सन डॉ शिवानंद सिंह ने बताया कि इसमें कई विश्वविद्यालयों के फेकल्टी, रिसर्च स्कॉलर्स पेपर प्रस्तुत करेंगे.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE :23.12.2024, PAGE-04**

# सिर्फ अकादमिक परिसंवाद व ट्रेनिंग से समग्र विकास नहीं होगा : सचिव

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर



यूजीसी एमएमटीटीसी के फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में मौजूद वीसी व अन्य.

बीआरएबीयू के यूजीसी- एमएमटीटीसी की ओर से आयोजित 95वें फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम के समापन सत्र में रविवार को बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के सचिव बैद्यनाथ यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. इस सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय और एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश राय उपस्थित रहे. निदेशक प्रो.राजीव झा ने स्वागत भाषण किया. शिक्षा सचिव बैद्यनाथ यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय का एमएमटीटीसी शिक्षकों के समग्र प्रशिक्षण का केंद्र बनाया जाना चाहिए. सिर्फ अकादमिक परिसंवाद और प्रशिक्षण से समग्र विकास नहीं होगा. सुबह से ही दिनचर्या ऐसी बननी चाहिए कि योग, व्यायाम और नैतिक मूल्यों के लिए भी उसमे समावेश हो. कहा कि विश्वविद्यालय यदि प्रस्ताव भेजता है तो शिक्षा विभाग आधारभूत संरचना को लेकर पूरा सहयोग करेगा. प्रॉक्टर प्रो. बीएस राय ने कहा कि विश्वविद्यालय का एमएमटीटीसी राष्ट्रीय फलक पर अपना स्थान बनाए इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना चाहिए. प्रो. ओमप्रकाश राय ने कहा कि सिर्फ आधारभूत संरचना से काम नहीं चलेगा. उपनिदेशक डॉ राजेश्वर कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कोर्स के समन्वयक और गणित विभाग के सहायक आचार्य डॉ जितेश पति त्रिपाठी ने सत्र का संचालन किया. मौके पर गेस्ट हाउस के इंचार्ज डॉ अमर बहादुर शुक्ला, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज प्रो राजीव कुमार, सोनू कुमार, ज्वाला कुमार, दिलीप कुमार भी उपस्थित रहे.